

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

द्रौपदी पर बेस्ड फिल्म की ऐक्ट्रेस और प्रड्यूसर होंगी दीपिका

दीपिका पादुकोण जो कि फिल्म छपाक में ऐक्टिंग के साथ-साथ उसे प्रड्यूस भी कर रही हैं, अब दूसरी फिल्म भी प्रड्यूस करने को तैयार हैं। यह फिल्म महाभारत की द्रौपदी की जिंदगी पर आधारित होगी।

फिल्म को दीपिका के अलावा मधु मंटेना भी प्रड्यूस करेंगे। जहां ऐक्ट्रेस द्रौपदी की नजरों से कहानी को फिर से दर्शकों के बीच लाने को तैयार हैं तो वहीं वह इस प्रॉजेक्ट में लीडिंग ऐक्ट्रेस के तौर पर भी दिखने वाली हैं। इस बीच फिल्म के लिए लीड ऐक्टर की तलाश की जा रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म दो या तीन पार्ट में बनेगी। पहला पार्ट 2021 में रिलीज हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस रोल के बारे में पूछे जाने पर दीपिका ने कहा कि वह इस इंट्रेस्टिंग को निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐक्ट्रेस के मुताबिक, मैं द्रौपदी का किरदार निभाने को लेकर रोल रोमांचित हूं और सम्मानित भी महसूस कर रही हैं। मैं सच में मानती हूं कि यह एक लाइफटाइम रोल है। फिलहाल, मेकर्स कई ए लिस्ट फिल्ममेकर्स से प्रॉजेक्ट को लेकर बात करें। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका छपाक के अलावा डायरेक्टर कबीर खान की फिल्म 83 में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी।

मीटू मूवमेंट से प्रभावित हुई फिल्म: पूजा हेगड़े

फिल्म हाउसफुल 4 का इंतजार कर रहे फैन्स का इंतजार आखिरकार अब खत्म हो गया। यह फिल्म 26 अक्टूबर को रीलिज हुई। हाउसफुल फ्रैंचाइज की यह चौथी फिल्म है और इसकी यह लंबे समय से चर्चा में थी। पिछले साल हुए मीटू कैंपेन का भी फिल्म पर असर पड़ा और फिल्म से निर्देशक साजिद खान को रिप्लेस कर दिया गया था। अब ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इस सबपर बात की है।

पूजा ने बताया कि फिल्म के बीच में डायरेक्टर के बदल जाने से कितना प्रभाव पड़ा। पूजा ने कहा, वह एक कठिन दौर था, लेकिन प्रॉडक्शन हाउस ने कभी भी इसका असर हम तक नहीं पहुंचने दिया। साजिद खान पर यौन शोषण का आरोप लगने पर उन्हें फरहाद समजी से रीप्लेस कर दिया गया। पूजा ने बताया कि कैसे वह फिल्म की शूटिंग के साथ ही तीन अन्य साउथ इंडियन फिल्मों की भी शूटिंग कर रही थीं।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि फरहाद ने फिल्म को लिखा था इसलिए वह इसे समझते थे। उन्होंने साजिद से बड़ी सहजता से निर्देशन अपने हाथ में ले लिया। सबकुछ आसानी से हो गया। मीटू मूवमेंट के बारे में बात करते हुए पूजा ने कहा, यह एक अच्छा मूवमेंट था। एक ऐक्ट्रेस होने के नाते और एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि इस मूवमेंट को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

इसने इंडस्ट्री में बहुत कुछ बदला है और यह जरूरी था। मैं समझती हूं कि आपने जो सहा है उसपर बात करना मुश्किल है। उन महिलाओं को ताकत मिले जिन्होंने खुलकर अपनी बात कही।



रणवीर, सुशांत की बॉडी अच्छी है : वाणी कपूर...

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने कहा कि बेफिक्रे में उनके को-स्टार रहे रणवीर सिंह और शुद्ध देसी रोमांस में को-स्टार रहे सुशांत सिंह राजपूत की बॉडी सचमुच बहुत अच्छी है. अभिनेत्री ने वूट के शो वर्क इट अप के दौरान यह बात कही. शो की मेजबान सोफी चौधरी ने जब उन्हें रणवीर और सुशांत में से एक को चुनने को कहा तो वाणी सकपका गईं. बोलीं, हे भगवान! दोनों में तुलना और एक को चुनना तो बहुत मुश्किल है. ऐसे में उन्होंने कहा, मुझे लगाता है, मेहनत करने में दोनों बराबर हैं और मैंने महसूस किया कि दोनों की बॉडी बहुत अच्छी है.वाणी हाल ही में रिलीज अपनी फिल्म वार की कामयाबी को इंजॉय कर रही है. वह जल्द ही रणबीर कपूर के साथ शमशेरा में नजर आएंगी. आपको बता दें कि वाणी कपूर अपनी हॉटनेस को लेकर फैंस के बीच छाई रहती हैं. इसके साथ ही वाणी सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं.